राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(राजभाषा कक्ष)

संख्याः 1(13)/विविध/हिन्दी/एनएससी — दिनांकः 01 अक्टूबर, 2014

परिपत्र

विषयः भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शपथ लेने का कार्यक्रम।

भारत के प्रधानमंत्री महोदय द्वारा निर्देशित स्वच्छता अभियान पूरे देश में 02 अक्टूबर, 2014 को मनाया जाएगा।

इस संबंध में सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस संबंध में लिए जाने वाले शपथ का प्रारूप संलग्न है। सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों / प्रक्षेत्र प्रबंधकों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रारूप के अनुसार 02 अक्टूबर, 2014 को कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करें और इसकी रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरी को भिजवाएं।

(बी.बी.साव)
महा प्रबन्धक (मा.सं.)

संलग्नः यथोपरि

वितरणः

1. सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों / फार्म प्रमुखों, एनएससी से अनुरोध है कि इस परिपत्र की विषयवस्तु से अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को अवगत कराएं ताकि सभी जगह पर यह शपथ आयोजित की जा सके।
2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निजी सचिव - सूचनार्थ।

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूँगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 02 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

शपथ

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा।

मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा ।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।